हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 28 जून 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

3 मरावी ने पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान किया वरिष्ठजन का सम्मान



## खबर संक्षेप

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** लालमाटी यादवपारा निवासी प्रेम पहाड़ी कोरवा आ. स्व. कटन पहाड़ी कोरवा (52 वर्ष) शुक्रवार की शाम बाइक से अकेले बस्ती की ओर घूमने के लिए निकला था। जैसे ही बाइक सवार एनएच 43 लालमाटी के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार सड़क किनारे गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंच घायल को तत्काल निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### क्रशर परिसर में चोरी के प्रयास मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** डुमरखोलो निवासी फर्रेल्लात उर्फ गुलशन (45 वर्ष) ने राजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 जून की रात जब वह क्रेशर परिसर में सो रहा था। इसी दौरान मोटर स्टार्टर रूम का ताला तोड़ने की आवाज सुनाई दी। बाहर निकलकर देखने पर तीन संदिग्ध युवक दिखाई दिए। शोर मचाने पर तीनों आरोपी मौके से भाग निकले और अपनी स्कूटी घटनास्थल पर ही छोड़ गए। मामले की गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। विवेचना के दौरान आरोपियों की पहचान ग्राम करसी निवासी अमन तिर्की (23 वर्ष) तथा बुढा बगीचा खुटनपारा रोशन एक्का (19 वर्ष) के रूप में हुई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी करने की नीयत से क्रेशर परिसर में प्रवेश करने की बात बताई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि 21 जून को भी उन्होंने इसी क्रेशर में चोरी का प्रयास किया था। उस समय भी वे अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए थे।

### सूने मकान का ताला तोड़कर टीवी व दस्तावेज की चोरी

**सीतापुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत वासुदेव सिदार बीते दिनों विकासखंड मैनपाट में स्थित अपने गृहग्राम राजापुर गए हुए थे। इसी दरम्यान चोरों ने सूने घर का दरवाजा तोड़कर घर मे लगा एलईडी टीवी पार कर दिया। इसके साथ चोरों ने घर मे रखा महत्वपूर्ण दस्तावेज भी अपने साथ ले गए। जिसमे वासुदेव सिदार समेत उनकी तीनों बेटियों की अंकसूची आय जाती निवास प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजात संभालकर रखे हुए थे। अगले दिन वासुदेव सिदार गांव से वापस अपने घर शासकीय क्वार्टर पहूंचे तो देखा कि दरवाजा टूटा हुआ है। जब वो घर के अंदर गए तब पता चला कि चोरों ने टीवी समेत अंकसूची समेत अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज वाला फाइल चुरा कर ले गए हैं। इसके अलावा घर में रखे अन्य सामान को भी चोरों ने बिखेर दिया था। घर मे हुई चोरी की घटना के बाद पीड़ति पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने भी अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी की धारा 331(4), 305(ए) के तहत अपराध दर्ज करते हुए चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

## ठेकेदार और अधिकरियों की मनमानी से लोगों में रोष

# बिना सूचना के 8 घंटे तक काट रहे बिजली, नागरिक हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- जानकारी लेने पर कर रहे दुर्व्यवहार

बिजली विभाग की लापरवाही और गुंडों की शक्ल में पैदा हो आए बिजली ठेकेदारो ने शहर की विद्युत व्यवस्था का कबाड़ा करके रख दिया है। ठेकेदार और अधिकारी बिना किसी सूचना के भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती कर लोगों को परेशान करने का काम कर रहे है। बड़ी बात यह है कि इसकी पहले से जनता को कोई सूचना तक नहीं दी जा रही है। शहर के गोधनपुर क्षेत्र में भी शनिवार को मेंटेनेन्स के नाम पर सुबह 11 बजे से देर शाम करीब 7 बजे तक लगभग साल से आठ घंते तक बिजली काटकर शरहवासियों को खासी परेशानी में डाला गया। प्रचंड गर्मी से बेहाल शहरवासी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। गोधनपुर वार्ड क्रमांक 5 में विद्युत मेंटेनेंस के नाम पर सुबह लगभग 11.30 बजे पूरे क्षेत्र की लाईट काट दी गई। जहां इस प्रचंड गर्मी में लोग पूरे सात-आठ घंटे



बिजली के इंतजार में छटपटाते रहे वहीं बूंद-बूंद पानी को तरस गए। पेटी कांट्रेक्ट के लिए ठेकेदार के पास न तो मैन पॉवर था और ना ही मेन्टेनेंस के लिए जरूरी उपकरण व सुविधाएं। ऐसे में ठेकेदार की मनमर्जी को वार्डवासी भुगतते रहे। शाम को जब कार्यस्थल पर ठेकाकर्मी पहुंचा तो वार्डवासियों ने अपना विरोध दर्ज किया। ठेकेदार वार्डवासियों की नाराजगी को दूर करने के बजाए लोगों से दुर्व्यवहार करने लगा। लोगों ने कहा कि आपको इतनी लंबी लाईन काटनी थी तो अखबारों में इस बाबत सूचना देनी थी इस पर ठेकाकर्मी उल्टा वार्डवासियों से बद्तमीजी करते हुए कहा सूचना देने का काम विभाग के एई. और ईई का है जाकर उनसे बहस करो। बिजली ठेकाकर्मी के इस व्यवहार के बाद वार्डवासी भड़क उठे। वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। वार्डवासियों के दबाव में ठेकाकर्मी लाईन जोड़ने को विवश हुआ। 7-8 घंटे बाद बिजली आने पर लोगों ने जैसे ही मोटर चालू कर पीने का पानी भरना शुरू ही किया था कि फिर से फाल्ट आ गया। वार्डवासी दुबारा इकट्ठा होकर ठेका कर्मियों पर दबाव बनाया तब जाकर पुनः लाईन सुधारा गया। ठेकाकर्मी ने तो हाथ ही खड़ा कर दिया था कि अब जो काम होगा वह कल किया जाएगा। इस बात पर दोबारा वाद-विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। कुल मिलाकर पेटी कांट्रेक्टर के शक्ल में लगभग डेढ़ दो सौ अनुभवहीन ठेकेदार शहरवासियों के लिए सिर दर्द बन गए है। शहर के विद्युत व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है। इनके सामने विद्युत विभाग के अधिकारी भी कहीं न कही बेबस नजर आ रहे हैं।

### पार्षद को दी थी सूचना

पार्षद की पहल पर केबल बदलने का कार्य चल रहा था। इसकी सूचना पार्षद को दी गई थी। महेश्वर मंदिर और कत्था फैक्ट्री ट्रांसफार्मर बंद था। ट्रांसफार्मर बंद होने की सूचना नहीं दी जाती। फीडर बंद होने की सूचना दी जाती है।

-अक्षय कुमार, एई. सीएसईबी

### तात्कालिक सूचना पर काटी लाइट

समस्याओं को देखते हुए तार बदलने का कार्य कराया जाना था लेकिन विद्युत विभाग की टीम मेरे पास अचानक आईं। टीम ने तात्कालिक सूचना पर लाइट काटा। इतने लंबे समय तक लाइन काटने से वास्तव में वार्ड वासियों को परेशानी हुई।

-शिव मंगल सिंह
वार्ड पार्षद

## महापौर के आवेदन पर एफआईआर को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

अंबिकापुर। नगर निगम महापौर के कथित वायरल ऑडियो के मामले में जांच व एफआईआर की मांग को लेकर कांग्रेस ने ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व अजाक थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने बताया कि पिछले दिनों नगर की महापौर और भाजपा जिलाध्यक्ष का लेनदेन से जुड़ा एक ऑडियो वायरल हुआ था। इस वायरल ऑडियो के मामले में हमने भी एसआईटी का गठन कर जांच की मांग की थी लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने भी इस संबंध में आवेदन देकर जांच की मांग की थी लेकिन अब तक एफआईआर नहीं किया गया। इसी संबंध में हमने अजाक थाना में ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि अजाक थाना प्रभारी का कहना है कि ऑडियो के प्रकरण की जांच उनके थाने से नहीं हो सकती। यह आवेदन उनके क्षेत्राधिकार में नहीं है। इस प्रकरण को एसपी कार्यालय भेजा जाएगा और एसपी द्वारा सम्बन्धित थाने से मामले की जांच कराई जाएगी। नेता प्रतिपक्ष शफ़ी अहमद ने कहा है कि शहर के प्रथम नागरिक के आवेदन पर कार्यवाही के लिए हमने कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि यह इल्जाम लगाना कि कांग्रेस महापौर को बदनाम कर रही है गलत है। कांग्रेस एसपी से मुलाकात कर एसआईटी के गठन की मांग करेगी। इसके लिए एसएसपी ने उन्हें रविवार का समय दिया है।

# शराब के नशे में विवाद, पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

शराब पीने के बाद पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी ने न सिर्फ पति पर हमला किया बल्कि देर रात पति को डंड़े व पत्थर से जानलेवा हमला कर दी। परिजन घायल पति को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम कदनई लोटाभावना निवासी नेतराम मझवार आ. मतरूम मझवार (50 वर्ष) शुक्रवार की रात लगभग 1 बजे पत्नी मानकुंवर मझवार (45 वर्ष) के साथ शराब पी रहे थे। शराब के नशे में दोनों में विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी ने नशे में धुत पति को पहले



डंडे से मारा फिर पत्थल से वार कर कर घर में ही सो गई। इधर सुबह घटना की जानकारी लगने पर पुत्र बंधन ने पिता को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली लेकर गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बंधन ने बताया कि माता पिता अक्सर शराब पी कर लड़ाई झगड़ा करते थे लेकिन दोनों में इतना बात बढ़ गया कि पिता को जान गवानी पड़ी। फिलहाल मामले में बतौली पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पत्नी भी पति के साथ गई अस्पताल

शराब के नशे में लड़ाई में पति ने अपनी जान तो गंवा दी लेकिन सवेरे जब पत्नी का नशा उतरा तो पति को उठाने का प्रयास की। पति के अचेत स्थिति को देख बेटे संग पति को बचाने अस्पताल पहुंची लेकिन तब तक पति की मौत हो चुकी थी।

### विवेचना जारी है

ग्राम कदनई में शराब के नशे में पति पत्नी के बीच मारपीट की सूचना मिली है जहां संदेह है की पत्नी के मारपीट से पति की जान गई है। घटना के संबंध में विवेचना जारी है जिसके बाद आवश्यक करवाई की जाएगी।

-राजेन्द्र मंडावी
एसडीओपी सीतापुर

# सतपता के पूर्व उपसरपंच ने गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष के साथ की मारपीट, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत सतपता के पंचायत भवन में सूरजपुर कलेक्टर के निर्देशानुसार शुक्रवार, 26 जून को

- ग्राम सभा की बैठक में सीसी रोड निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाने को लेकर बढ़ा विवाद

आयोजित ग्राम सभा की बैठक के दौरान सीसी रोड निर्माण के प्रस्ताव पर विवाद इतना बढ़ गया कि गाली-गलौज, जान से मारने की घमकी और मारपीट होने की स्थिति निर्मित हो गई, घटना को लेकर ग्रामवासियों में नाराजगी व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार,शासन के निर्देशानुसार ग्राम सभा में 19 बिंदुओं पर चर्चा की जानी थी। बैठक के दौरान ग्राम सचिव ने वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 के रहवासियों की प्रमुख समस्या सीसी सड़क निर्माण का मुद्दा रखा। बताया गया कि केबिनेट मंत्री की अनुशंसा पर सड़क निर्माण के लिए 5 लाख रुपये का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसे ग्राम सभा से अनुमोदित कराया जाना था। इसी दौरान ग्राम सभा में उपस्थित सतपता के पूर्व उपसरपंच दुर्गा यादव, उनके पुत्र तथा अन्य लोगों ने मौके पर सीसी सड़क निर्माण होने का विरोध किया। आरोप है कि ग्राम के विकास के हित में सड़क निर्माण का समर्थन कर रहे ग्रामीण विजय कुर्रे से उक्त पक्ष ने गाली-गलौज शुरू कर दी। घटना का बीच-बचाव करने व समझाने पहुंचे आरएसएस कार्यकर्ता सह गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष विजय शर्मा से भी पूर्व उपसरपंच दुर्गा यादव, उनके पुत्र समेत अन्य साथियों ने गाली गलौच व मारपीट शुरू कर दी और विजय शर्मा का कुर्ता भी फाड़ दिया। मारपीट से आहत हुए विजय शर्मा को शरीर के कई हिस्से में चोटें आई हैं। मामले में प्रार्थी विजय शर्मा की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपित दुर्गा यादव एवं उसके पुत्र व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

**बीमारी का उपचार कराने के बाद ज्वाइन की थी ड्यूटी**

# थाने के अंदर कमरे में आरक्षक की मौत, सुबह मृत हालत में मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

थाना के अंदर मौजूद कमरे में आरक्षक की मौत से हड़कंप मच गया है। आरक्षक का शव सुबह कमरे में अचेत अवस्था में पाया गया। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया।

- थाना भवन में ही रहकर करते थे ड्यूटी, पुलिस विभाग में शोक

इसके साथ ही पुलिस महकमें में शोक का माहौल है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार आरक्षक पीलिया से ग्रसित थे और उपचार के बाद ड्यूटी पर ज्वाइन की थी। आरक्षक की पीएम रिपोर्ट में भी अब तक सामान्य बताई गई है।

बताया जा रहा है कि सरगुजा जिले के भफौली निवासी 56 वर्षीय जुगन साय पैंकरा आ. धर्मजीत पैकरा पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे और 2024 से वे राजपुर थाने में ड्यूटी करते थे। आरक्षक जुगन साय पैकरा राजपुर थाना भवन के ऊपर बने कक्ष कमांक 3 में रहते थे। शुक्रवार की रात भी वे अपने कमरे में सोने के लिए गए हुए थे। अब तक की जांच के अनुसार थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि 4 बजे भोज में आरक्षक जुगन साय ने आरक्षक दिलीप यादव से पानी मंगवाया था। दिलीप यादव के अनुसार आरक्षक ने फोन कर पानी मांगा था और जब वह पानी लेकर कमरे में पहुंचा तो आरक्षक के कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। दिलीप यादव कमरे में पानी रखकर वापस लौट आया। शनिवार की सुबह 10 बजे तक आरक्षक कमरे से बाहर नहीं निकले जिसके बाद शंका के आधार पर प्रधान आरक्षक अनिल पैकरा उन्हें देखने के लिए पहुंचे जहां आरक्षक जुगन साय पैकरा अचेत अवस्था में पड़े हुए थे। प्रधान आरक्षक ने घटना की



सूचना थाना प्रभारी को दी। इधर आरक्षक के मौत की सूचना मिलने के बाद थाना परिसर में हड़कंप मच गया। इस घटना की सूचना परिजन को दी गई। परिजन की मौजूदगी में आरक्षक का पीएम किया गया और शव को परिजन के सुपुर्द किया गया। फिलहाल आरक्षक की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है लेकिन प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट में सामान्य मौत बताई गई है।

### चल रहा था पीलिया व मलेरिया का उपचार

बताया जा रहा है कि आरक्षक जुगन साय पैकरा मलेरिया व पीलिया से ग्रसित थे और कुछ दिनों पहले ही उपचार के बाद उन्होंने ड्यूटी ज्वाइन की थी। वे अपने पीछे पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका बड़ा बेटा चौथी कक्षा में अध्ययनरत है, जबकि बेटी अभी छोटी है। उनकी असामयिक मृत्यु से पुलिस विभाग में शोक की लहर है।

### बीमारी से था ग्रसित

आरक्षक की मौत सामान्य है। वे बीमारी से ग्रसित थे। पीएम कराकर शव परिजन के सुपुर्द किया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

-वैभव बैंकर, एसपी बलरामपुर

# सेवा व समर्पण के माध्यम से अलग पहचान करें स्थापित : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


नगर निगम के साथ ही नगर पंचायत लखनपुर और सीतापुर के नव नियुक्त एल्डरमैनों का शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान प्रदेश के पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की मौजूदगी में नव नियुक्त एल्डरमैनों को सम्मानित किया।

- पर्यटन मंत्री ने किया ननि व नपं के नव नियुक्त एल्डरमैनों का सम्मान

कैबिनेट मंत्री ने ननि के नव नियुक्त एल्डरमैन करताराम गुप्ता, राज बहादुर शास्त्री, श्रीमती सावित्री जायसवाल, संतोष दास, रमेश जायसवाल, तेजिंदर बग्गा, श्रीमती किरण सोनी, शरद सिन्हा एवं श्रीधर केशरी का पुष्प गुच्छ, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं नपं सीतापुर के नेमलाल गुप्ता, श्रीमती अमृता पैकरा एवं अनेश्वर गुप्ता तथा नपं लखनपुर के दिनेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता एवं मालती कश्यप को सम्मानित किया गया। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल




ने कहा कि शासन ने उन्हें नगरीय निकायों की समस्याओं के समाधान और जनहित के मुद्दों को सदन में प्रभावी ढंग से उठाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। सभी एल्डरमैन जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए सेवा और समर्पण के माध्यम से अपनी अलग पहचान स्थापित करें। प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि भाजपा संगठन में दायित्व सेवा का माध्यम होता है, सम्मान का नहीं। एल्डरमैन जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और नगरीय विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि संगठन ने हमेशा कार्यकर्ताओं के समर्पण और निष्ठा का सम्मान किया है। एल्डरमैन का दायित्व जनता और शासन के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करना है। सम्मान समारोह को महापौर मंजूषा भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा, जिला महामंत्री अरुणा सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने किया तथा जिला कोषाध्यक्ष निश्चल प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त किया।




PREMIER ACADEMY
सर्वश्रेष्ठ संस्थान
सच्चे परिणाम
TOPPERS की पहली पसंद PREMIER ACADEMY बिलासपुर
Directors
Dr. Ranit Gumber
Jayesh Gumber
ADMISSION OPEN FOR 2026-27
Offline Batch
DROPPER BATCH
NEET/IIT-JEE
FOR 12TH PASSED STUDENT
2 YEAR PROGRAM
CLASS-11th+12th
SCHOOL + COACHING
1 YEAR PROGRAM
CLASS-12th
SCHOOL + COACHING
FOUNDATION
CLASS
7th TO 10th
NEET 2024/25 में 70+ छात्र Govt. Medical College के लिए प्रवेशित
SAINI RANJAN DAS
AIIMS
BHUBANESWAR
S.MEENAL
JNM RAIPUR
GUNGUN SINGH
GMC Kanpur
RIYA MISHRA
GMC DELHI
BIRENDRA
GMC GWALIOR
SHIVAM SAHU
GMC JABALPUR
ASHUTOSH
PT. JNM RAIPUR
ADITYA KURREY
PT. JNM RAIPUR
SANDHYA SAHU
PT. JNM RAIPUR
RISHI SHEKHAR
CIMS BILASPUR
AKANKSHA
CIMS BILASPUR
REKHA
CIMS BILASPUR
LOKESH JAISWAL
GMC RAJNANDGAON
SHWETA
GMC RAJNANDGAON
PRIYANKA
GMC RAJNANDGAON
MAMTA NETAM
GMC JAGDALPUR
UPENDRA
GMC JAGDALPUR
CHANDRADEV
GMC AMBIKAPUR
GAGAN SINGH
GMC AMBIKAPUR
ANJANA BHAGAT
GMC AMBIKAPUR
NANDINI
GMC AMBIKAPUR
ARCHI SAHU
GMC AMBIKAPUR
SHRISHTI MINJ
GMC AMBIKAPUR
AISH RAJ
GMC AMBIKAPUR
SNEHA TIGGA
CCMC DURG
VOMESHWARI
CCMC DURG
C.G. BOARD ONLINE BATCH
स्कैन करें
ऑनलाइन क्लास ज्वाइन करने के लिए
हिन्दी माध्यम ऑनलाइन बैंच
कक्षा 11th & 12th CG Board
PHYSICS CHEMISTRY MATHS BIO
हिन्दी माध्यम / ENGLISH MEDIUM
Class 10th CG Board
MATHS SCIENCE SOCIAL SCIENCE
Class 10th Board Topper's
7 STATE RANK 98% MAOSAMI
7 STATE RANK 98% LEENA
8 STATE RANK 97.83% VIBHA
ABHYUDAY 97%
NEETU 96.4%
VED PANDIYA 96%
AKSHAT 95.6%
SHTAKSHI 94.6%
RISHIKA 94%
PAWNI PATEL 94%
ARUSHI 94.%
ANAMIKA 93.6%
RAGHAVAN 93.6%
NIMRIT 93%
PRERNA SAHU 97.2%
SAKSHI KASHYAP 97.2%
KUSUM SAHU 97%
SARITA PATEL 97%
GARIMA PAIKRA 97%
HIMANSHU SINHA 97%
DANESHWARI 96.8%
Main Branch - Gumber Complex, In Front Of Old High Court, Bilaspur
Mangla Branch - Bachpan School Campus, Opp. 36 Mall, Mangla Chowk Bilaspur
Sarkanda Branch - Beside Palm Enclave, Seepat Road, Sarkanda Bilaspur
8902987789
6260618880
Follow us on
@PREMIER_ACADEMY_CG

## खबर संक्षेप



### बस्तर आम महोत्सव में कृषक राजेंद्र प्रसाद हुए सम्मानित

**अम्बिकापुर।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय बस्तर आम महोत्सव में सूरजपुर जिले के ग्राम कमलपुर निवासी प्रगतिशील कृषक राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के खेत में उत्पादित आम की विदेशी किस्म मियाजाकी तथा उन्नत किस्म गुलाबखास का प्रदर्शन उद्यानिकी महाविद्यालय सिलफिली द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से लाई गई आम की अनेक उत्कृष्ट किस्मों के मध्य श्री गुप्ता की विदेशी किस्म मियाजाकी एवं गुलाबखास को प्रथम पुरस्कार तथा क्षेत्रीय किस्म दशहरी को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। श्री गुप्ता के बागान में विदेशी किस्म मियाजाकी के पौधे अच्छी फलत अवस्था में है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस किस्म के आम का मूल्य लगभग 2.5 से 3.0 लाख रूपये प्रति किलो तक है। इस उपलब्धि पर महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के निदेशक तथा अधिष्ठाता डॉ.रविन्द्र तिग्गा द्वारा श्री गुप्ता को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें सहजन के उत्कृष्ट पौधे भेंट किए गए।

### पहाड़ी कोरवा परिवारों को रेनकोट, छतरी का वितरण



**अम्बिकापुर।** जीईएल चर्च युवा संघ ने विकासखण्ड बतौली अंतर्गत ग्राम करदना के घंटाडीह में सामाजिक सरोकार और मानवता की सेवा के तहत सरपंच धनेश्वरी की उपस्थिति में जरूरतमंद पहाड़ी कोरवा परिवारों को रेनकोट व छतरी वितरित किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष हवलेश टोप्पो ने कहा कि हमारा मूल उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है जिसे वास्तव में मदद की आवश्यकता है। पहाड़ी कोरवा परिवारों को बारिश और बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से यह छोटा प्रयास किया गया है। युवा संघ हमेशा मानवता की सेवा और सामाजिक उत्थान के लिए तत्पर रहेगा। सरपंच धनेश्वरी ने युवा संघ के प्रयासों की सराहना की तथा कहा कि पहाड़ी कोरवा परिवारों को इन सामग्रियों की सख्त जरूरत थी। इस दौरान ओहमस मिंज, धरमपाल केरकेट्टा, ईश्वर कुजूर, मनीष पन्ना, सिलास कुजूर, सुलवन मिंज, पीहु तिग्गा, प्रमोद पन्ना आदि उपस्थित थे।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक आज

अम्बिकापुर। तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार 28 जून को मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत



कुमार कोहाट, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी, श्वास, छाती, एलर्जी एवं टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह, मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज प्रसाद, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रतीक धाबलिया, रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.विकास गोयल, मानसिक एवं मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.जय गोयल, न्यूरो सर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉ.देवान्श मिश्रा संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं परामर्श हेतु तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा में उपलब्ध रहेंगे।

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

## देर रात तक चला फातिहा खानी का सिलसिला

# सद्भावनापूर्वक मनाया गया मातमी पर्व मोहर्रम, निकली मातमी जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- जगह-जगह शरबत, पानी से किया गया स्वागत

मुस्लिम समाज का मातमी पर्व मोहर्रम सद्भावनापूर्वक मनाया गया। इस दौरान नगर में मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान समाज के लोगों ने करतब दिखाया। इसके साथ ही चौको पर फातिहाखानी की गई।

बता दें कि मुस्लिम समाज द्वारा मातमी पर्व मोहर्रम पिछले दस दिनों से मनाया जा रहा था। इस दौरान चौको पर फातिहा खानी का सिलसिला चलता रहा। इसके साथ ही लंगर का आयोजन किया गया। मोहर्रम की 8वीं, 9वीं और 10वीं मोहर्रम के जुलूस शहर में पूरी शांति, सौहार्द और भाईचारे के माहौल में सम्पन्न हुआ। दसवीं मोहर्रम पर समाज के लोगो ने रोजे रखने के साथ ही मिलाद किया। इसके साथ ही शाम को शहर के विभिन्न हिस्सों से जुलूस का आयोजन किया गया। जुलूस में ताजिया व अलम के साथ समाज के लोग शहर में निकले जो मोमिनपुरा चौक पर विशाल जुलूस में तब्दील हो गया। पहलाम के अवसर पर निकला जुलूस महामाया रोड, महामाया चौक होते हुए रात लगभग 11 बजे जयस्तंभ चौक पहुंचा। इसके बाद पैलेस चौक होते हुए सभी ताजिया और अलम के साथ जुलूस देर रात करबला पहुंचा जहां फातिहाखानी के बाद मोहर्रम का समापन किया गया। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों का समाज के लोगों ने जगह जगह शरबत, पानी से स्वागत किया। इसके साथ ही लंगर का आयोजन किया गया। मोहर्रम जुलूस को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम द्वारा व्यापक पैमाने पर इंतजाम किए गए थे। मोहर्रम जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष इरशाद खान ने जिला, पुलिस प्रशासन और नगर निगम का आभार व्यक्त करने के साथ ही उन सभी अलमदारों का भी तहेदिल से शुक्रिया अदा किया जिन्होंने कमेटी की अपील और आपसी सहयोग की भावना को ध्यान में रखते हुए अपने अलम का आकार सीमित रखा और व्यवस्था बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होने कहा कि हम अम्बिकापुर की अमन पसंद और शांति प्रिय जनता का भी दिल से शुक्रिया अदा करते हैं, जिन्होंने हमेशा की तरह आपसी भाईचारे और सद्भाव की मिसाल पेश करते हुए हमारा सहयोग किया। यदि जुलूस के दौरान किसी नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा हुई हो तो मोहर्रम इंतजामिया कमेटी उसके लिए खेद व्यक्त करती है और भविष्य में भी आप सभी के सहयोग और मार्गदर्शन की उम्मीद रखती है। इस दौरान ननि सभापति शफी अहमद, पार्षद बाबर इदरीशी, निक्की खान, मोनू खान, परवेज आलम गांधी, मोहर्रम कमेटी के संयोजक मो. हसन खान, अध्यक्ष इरशाद खान, कार्यकारी अध्यक्ष मंजुल खान, सद्दाम खान, फैजान अहमद सहित अन्य मौजूद थे।





चौक पर दुआ मांगे समाज के लोग।

### बिश्रामपुर नगर में अकीदत के साथ मनाया गया मोहर्रम पर्व, शहीदों को किया गया याद



**बिश्रामपुर।** नगर में मोहर्रम का पर्व अकीदत और धार्मिक मान्यता के अनुसार मनाया गया,हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में नगर भर में ताजिए निकाल मातमी जुलूस आयोजित हुए। या हुसैन की सदाओं के बीच बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने मातम कर इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद किया। जुलूस के दौरान अखाड़ों ने पारंपरिक युद्ध कलाओं और हैरत अंग्रेज करतबों का प्रदर्शन किया गया, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। पूरे आयोजन के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस की निगरानी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। जुलुस में 5 मोहर्रम कमेटी ने हिस्सा लिया। सभी जुलूस अम्बेडकर चौक से मिलकर नगर होते हुए बस स्टेंड में समापन किया गया। जुलूस को सफल बनाने में सदर सलीम खान सेक्रेटरी एजाज अहमद जिम्मी, जलालुद्दीन, उस्मानिया, पप्पू कुरैशी, नौजवान कमेटी से जुल्फी सानू, इमरान, शाहबाज, परवेज, तबरेज, अयान कुरैशी, आमीन, दानिश, शीनू, शाहरुख, मोइन, अकबर व जयनगर कमेटी से कलाम, जावेद, शमीम पलिहा, जाहिद, अफजल, असलम खान, गुलाम मुस्तफा, इमरान, रिंकू, अयान व अन्य उपस्थित रहे।



## शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया मोहर्रम पर्व, निकाली गई ताजिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- लोगों ने जगह जगह किया स्वागत

लखनपुर नगर में मोहर्रम का पर्व श्रद्धा, आस्था और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में पारंपरिक ताजिया दुल्ला बाबा की सवारी जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए।

जुलूस में आकर्षक ताजियों के साथ बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। ताजिया जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों से होकर गुजरा। लोगों ने जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। शिवपुरी स्थित कर्बला पहुंचकर जुलूस का समापन हुआ और साथिया फातिहा खानही के बाद सिरनी बाटी गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी पूरी तरह मुस्तैद रहे। मोहर्रम का पर्व हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। यह पर्व सत्य, न्याय, त्याग और इंसानियत के मूल्यों का संदेश देता है। शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए इस जुलूस ने नगर में सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक एकता की मिसाल पेश की। इस दौरान दुल्ला बाबा की सवारी भी निकली जहां बाबा ने नगर वासियों से मुलाकात की तथा उनके खुशियों और अमन चैन के लिए दुवाएं की। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के युवा तथा वरिष्ठ मौजूद रहे। वहीं एक ओर जहां नगर के स्थानीय इमामबाड़े से ताजिया निकली तो दूसरी ओर जूनाडीह तथा राजकटेल में भी ताजिया निकाली गई। पूरे जुलूस के दौरान डीजे साउंड सिस्टम की भी व्यवस्था की गई थी। जिसके बाद लोगों का यह कारवां देर रात स्थानीय कर्बला पहुंचा जहां आगे की रस्म अदा की गई। इस दौरान सदर हाजी इदरीश खान, सेक्रेटरी नुसरत अली, शराफत अली, मोहर्रम कमेटी सदर गौहर अली, मकसूद हैदर मतीन खान, जानिसार अख्तर, इमरान अंसारी, शेरा खान, जियाउल खान, नादिर हुसैन सहित अन्य मौजूद रहे।

## विधायक भूलन सिंह मरावी ने पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान किया वरिष्ठों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर



क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने नगर पंचायत में पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठों का सम्मान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण को सुदृढ़ बनाने के लिए पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम सभी जनप्रतिनिधियों एवं लोगों को पौधे लगाने का आह्वान किया है।

इसी अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने अपने सभी मंडलों में जाकर वरिष्ठ के निवास में एक पेड़ मां के नाम पौधे लगाकर साल श्रीफल देकर सम्मानित किया है। क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने अपने घर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बातों को मानते हुए एक पेड़ मां के नाम पौधे लगाए और दूसरों को भी लगाने के लिए प्रेरित करे। पौधारोपण कार्यक्रम में मंडल प्रभारी संदीप अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मिथिला बंजारा, अजजा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शिवनंदन सिंह मरावी, नगर पंचायत के पार्षद वीरेंद्र जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष कंचन श्याम मंडल, जनपद महामंत्री महेंद्र कुमार यादव, उपाध्यक्ष पूनिया राजवाड़े, देवधर साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामनारायण तंवर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष अखिलेश साहू उपस्थित रहे।

## सेवा सेतु केंद्र बना संध्या के लिए सहारा वर्षों पुरानी समस्या का हुआ समाधान

सूरजपुर। राज्य शासन द्वारा डिजिटल सुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय परिसर में संचालित सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से छात्रा संध्या देवांगन को भी वर्षों पुरानी समस्या से राहत मिली है। संध्या ने बताया कि वर्ष 2017 में उनका आधार कार्ड गुम हो गया था। आधार में मोबाइल नंबर लिंक नहीं होने के कारण उन्हें नया आधार कार्ड प्राप्त करने में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। कई प्रयासों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। सेवा सेतु केंद्र पहुंचकर उन्होंने अपनी समस्या बताई, जिस पर केंद्र के कर्मचारियों द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहायता प्रदान की गई। समुचित प्रक्रिया के माध्यम से उनकी समस्या का समाधान करते हुए उन्हें आधार कार्ड उपलब्ध कराया गया। उल्लेखनीय हैं कि सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से



नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है। इससे समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है तथा सरकारी सेवाओं तक लोगों की पहुंच और अधिक सुगम हुई है। सेवा सेतु पोर्टल के अंतर्गत वर्तमान में 441 से अधिक शासकीय सेवाएं एकीकृत रूप से उपलब्ध हैं, जिनमें जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, राजस्व प्रकरणों से संबंधित सेवाएं, नाम परिवर्तन के लिए राजपत्र प्रकाशन सहित कई सेवाएं शामिल हैं।

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते है। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते है एवं ट्रस्ट की वेबसाईट
www.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर
मो. 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर
मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल :- 9425547550

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बालक की मौत, बाल-बाल बचा पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पिता के साथ छप्पर की मम्मत कर रहा था बालक, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई मौत

पिता के साथ कच्चे मकान के छप्पर को मरम्मत कर रहा बालक आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गया जिससे गंभीर रूप से झुलस गया वहीं पिता गाज की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। परिजन बालक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम फतेहपुर निवासी कृष्णव सिंह आ. विजय कुमार सिंह (13 वर्ष) शुक्रवार की दोपहर अपने कच्चे मकान के छप्पर को पिता के साथ मरम्मत कर रहा था। दोपहर में अचानक मौसम बदलने के साथ बूंदाबांदी शुरू हुई तभी तेज गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली छप्पर पर गिर जिसके चपेट में आने से बालक गंभीर रूप से झुलस गया। गाज की चपेट में आने से बालक अचेत होकर घर के छप्पर से नीचे गिर गया वहीं पिता गाज की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। परिजन तत्काल बालक को निजी वाहन से शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भैयाथान थाना अंतर्गत ग्राम भाड़ी निवासी प्रभु राम आ. स्व. बागर साय (51 वर्ष) 23 जून को जब पत्नी बकरी चराने तथा परिवार के लोग अपने काम से बाहर गए थे तभी प्रभु राम ने शराब के नशे में कीटनाशक को पी लिया। दोपहर लगभग 2 बजे पत्नी बसंती बाई घर पहुंची तो कीटनाशक का गंध आने पर पति से पूछताछ की। पति ने कीटनाशक पी लेने की बात बताई तो पत्नी के होश उड़ गए। बसंती बाई ने तत्काल बेटा धरमजीत को बुलाई और बाइक से भैयाथान अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर सूरजपुर अस्पताल भेज दिया जहां ग्रामीण का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज तड़के ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA

के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध | छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2026-27
COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
विद्यासागर छात्रवृत्ति अधिकतम 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़ 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ 9826183771

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
CGHS से मान्यता प्राप्त
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल, सुरक्षित प्रसव सुविधा, बांझपन परामर्श एवं उपचार, पीसीओडी/पीसीओएस उपचार, महिला रोगों की जांच व इलाज, सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं, डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY) LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हमारी सेवाएं | सर्जरी सेवाएं
हड्डी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध हैं
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING ·DEEMED COLLEGE ·COUNSELLING ·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES ·FORM FILLUP ASSISTANCE ·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur | CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 28 जून 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण | टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग | नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श | बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकिज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆नसों का रोग ◆त्वचा एवं बालों का रोग ◆स्त्री रोग ◆मानसिक रोग ◆मूत्र संबंधी रोग ◆मधुमेह (डायबिटीज़) ◆नेत्र रोग ◆किडनी संबंधी रोग ◆पेट संबंधी विकार ◆थायराइड ◆अस्थमा ◆मोटापा ◆मांसपेशी का रोग ◆मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## लखनपुर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कई विषय के नहीं है टीचर

# शिक्षकों की कमी ने बढ़ाई छात्रों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

**खास बात**

- अध्ययनरत 500 से अधिक बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। योजनाओं का लाभ जिले के कुछ विद्यालयों के बच्चों का मिल रहा है परंतु जिले में कई ऐसे क्षेत्र है जहां विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक नहीं होने से बच्चों के पढ़ाई पर भी इसका असर पड़ रहा है। कुछ इस तरह की स्थिति लखनपुर के सबसे पुराने कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की है जहां 500 से अधिक बच्चे अध्ययनरत है परंतु पर्याप्त शिक्षक नहीं है। ऐसे में विभिन्न विषयों में पढ़ाई कर रही छात्राओं की न सिर्फ पढ़ाई प्रभावित हो रही है बल्कि शिक्षक की कमी खल रही है।



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर।

जनपद पंचायत लखनपुर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जो सबसे पुराना विद्यालय माना जाता है और लगभग वर्ष 1978 से संचालित यह विद्यालय पिछले लगभग 48 वर्षों से क्षेत्र में कन्या शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है, लेकिन आज भी यहां कई महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत हो चुकी है, फिर भी राजनीति विज्ञान, संस्कृत और गणित जैसे महत्वपूर्ण विषयों के लिए नियमित शिक्षक नहीं होने से छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल में पढाई करने वाले कई विद्यार्थी आज पढ़कर के शासन प्रशासनिक और राजनीति के क्षेत्र में अपना अलग पहचान बनाए हैं। बावजूद इसके आज विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक नही है जिसका खामियाजा स्कूल में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर के बाद लखनपुर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का स्थान द्वितीय है। परंतु शिक्षक की कमी के कारण अब विद्यालय का परीक्षा परिणाम का स्तर घटा है। पूर्व में पढ़ाई का स्तर अच्छा होने के कारण10 वीं, 12वी का रिजल्ट अच्छा होने से दूरदराज क्षेत्र के बच्चें स्कूल में पढ़ाई का इच्छा रखते थे और बच्चो के एडमिशन के लिए तांता लगा रहता था। वर्तमान में भी 6 से 7 सौ के लगभग बच्चे स्कूल में पढ़ाई कर रहे है। जिसमें मैनपाट, सलरा, लब्जी, कुनी, नवापारा के बच्चे शामिल है। कुछ बच्चे विद्यालय के समीप छात्रावास में रहकर पढ़ाई करते है जबकि कई बच्चे रिश्तेदार के यहां रहकर पढ़ाई कर रहे है। परंतु विद्यालय में राजनीति विज्ञान, संस्कृत और गणित के शिक्षक नहीं होने के कारण अब विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रतिवर्ष 500 से लेकर 700 तक विद्यार्थी विद्यालय में अध्ययन रहते हैं और बच्चों की पढ़ाई कैसी होती होगी।

### एक शिक्षक पर कई विषयों का बोझ

विद्यालय में शिक्षकों की कमी का सीधा असर कार्यरत शिक्षकों पर भी पड़ रहा है। कई शिक्षकों को अपनी विशेषज्ञता के अलावा अन्य विषयों की जिम्मेदारी भी निभानी पड़ रही है। स्थिति यह है कि कुछ शिक्षकों को दो-दो और तीन-तीन विषय पढ़ाने पड़ रहे हैं। इससे शिक्षकों का कार्यभार बढ़ता है और विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञता का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। इससे शिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है।

### की जा रही शिक्षकों की व्यवस्था

राज्य सरकार लगातार शिक्षकों की भर्ती कर रही है। जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है वहां तत्काल व्यवस्था की जा रही है जिससे विद्यालयों में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके।

-राजेश अग्रवाल,
कैबिनेट मंत्री

### नहीं है जानकारी

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर में शिक्षक, लिपिक और भृत्य के पद रिक्त पदों की जानकारी नहीं है। यदि ऐसा है तो प्राचार्य से जानकारी प्राप्त करने के बाद आवश्यकता होने पर आसपास के विद्यालयों से शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी।

-संजय गुप्ता
संयुक्त संचालक सरगुजा संभाग

### नया सत्र शुरू लेकिन शिक्षक नहीं

राज्य शासन द्वारा 16 जून से नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ कर दिया गया। प्रदेश के अधिकांश विद्यालयों में नियमित कक्षाएं संचालित हो रही हैं, लेकिन लखनपुर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को पहले ही दिन से शिक्षक संकट का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में राजनीति विज्ञान, संस्कृत और गणित विषयों के नियमित शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। इन विषयों की कक्षाएं या तो प्रभावित हो रही हैं या अन्य शिक्षकों को अतिरिक्त जिम्मेदारी देकर किसी प्रकार शैक्षणिक कार्य चलाया जा रहा है। गणित जैसे विषय में प्रारंभिक अवधारणाएं और नियमित अभ्यास अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। यदि समय पर विषय विशेषज्ञ शिक्षक उपलब्ध नहीं होंगे तो छात्राओं की बुनियादी समझ कमजोर हो सकती है। इसी प्रकार राजनीति विज्ञान और संस्कृत विषयों में भी विशेषज्ञ शिक्षकों की आवश्यकता अनिवार्य मानी जाती है।

### युक्तियुक्तकरण के बावजूद नहीं मिली राहत

पिछले वर्ष राज्य सरकार द्वारा शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण अभियान चलाया गया था। इसका उद्देश्य था कि जिन विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या अधिक है वहां से उन्हें उन विद्यालयों में भेजा जाए जहां शिक्षकों की कमी है। शिक्षा विभाग ने इस अभियान को शिक्षा व्यवस्था में सुधार का महत्वपूर्ण कदम बताया था। उम्मीद थी कि इससे शिक्षक विहीन विद्यालयों को राहत मिलेगी और विद्यार्थियों को पर्याप्त शैक्षणिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। लेकिन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर को इस अभियान का अपेक्षित लाभ नहीं मिला। आज भी यहां कई विषय शिक्षकविहीन हैं।

## एनसीडब्ल्यूए-12 के गठन में हो रहे विलंब के विरोध में गायत्री भूमिगत खदान में की गई गेट मीटिंग



**बिश्रामपुर।** नेशनल कोल वेज एग्रीमेंट (एनसीडब्लूए)-12 के गठन में हो रही देरी को लेकर शुक्रवार को गायत्री भूमिगत खदान में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) से जुड़े पदाधिकारियों ने जनजागरण अभियान के तहत गेट मीटिंग आयोजित की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एनसीडब्ल्यूए-12 के गठन में लगातार हो रही देरी से कोयला श्रमिकों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने समयबद्ध तरीके से वेतन समझौता लागू करने और श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। गेट मीटिंग में संगठन के क्षेत्रीय समन्वयक एवं आईआर प्रभारी राजेश सिंह, क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य अशोक सिंह, केंद्रीय मंत्री हेमंत कुमार, क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य राजेंद्र प्रधान तथा केंद्रीय मंत्री रन साय सहित खदान के अनेक पदाधिकारी एवं श्रमिक उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन ने श्रमिकों से एकजुट रहने और एनसीडब्ल्यूए-12 के शीघ्र गठन के लिए चलाए जा रहे जनजागरण अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर व्दारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एडवांस यूरोलॉजी एवं यूरो सर्जरी विभाग
- मूत्राशय, किडनी एवं प्रोस्टेट के कैंसर का इलाज
- पेशाब की धार कमजोर होना
- पेशाब के रास्ते की जन्मजात विकृति का इलाज
- यूरिनरी ब्लेडर में पथरी की समस्या का इलाज
- किडनी स्टोन संबंधी समस्या का इलाज
- किडनी एवं मूत्र संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण
- सभी प्रकार की यूरोलॉजी सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिजीत कुमार कोहाट
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी
डॉ. रोशन वर्मा
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ. भाविक शाह
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज प्रसाद
सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक धाबलिया
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ. विकाश गोयल
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
सुप्रसिद्ध मानसिक एवं मनोरोग रोग विशेषज्ञ डॉ. जय गोयल
सुप्रसिद्ध न्यूरो सर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉ. देवान्श मिश्रा
28 जून 2026, माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 8224007733 7000619700
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्ष्मी ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166